

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024 के उद्घाटन समारोह के दौरान वियतनाम के प्रतिनिधिमंडल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुलाकात की।

# आईटी, खाद्य प्रसंस्करण में निवेश करेगा वियतनाम

**यूपीआईटीएस**

**05** दिवसीय वैश्विक उद्योग महाकुंभ में लिया भाग

- सहयोगी देश के तौर पर सीएम ने जताया आभार
- वियतनाम के राजदूत व प्रतिनिधियों से मिले सीएम

लखनऊ/ग्रेटर नोएडा, हिटी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 के उद्घाटन समारोह के दौरान वियतनाम के प्रतिनिधिमंडल से विशेष तौर पर मुलाकात की।

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में बुधवार से शुरू हुए पांच दिवसीय वैश्विक उद्योग महाकुंभ में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री योगी ने वियतनाम के राजदूत समेत विभिन्न प्रतिनिमंडल से मुलाकात की। जल्द ही उत्तर प्रदेश में वियतनाम की कम्पनियां खाद्य प्रसंस्करण और आईटी के क्षेत्र में निवेश कर सकती हैं।

वियतनाम इस महा आयोजन में पार्टनर कंट्री की भूमिका निभा रहा है। ऐसे में, वियतनाम के दल के कार्यक्रम में सहभागिता को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने विशेष तौर पर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मंच से वियतनाम की तारीफ करने के साथ ही राजदूत से मुलाकात के दौरान भी उन्होंने वियतनाम की सहभागिता और प्रतिबद्धता को लेकर आभार व्यक्त किया।

वियतनाम के प्रतिनिधिमंडल में पारंपरिक कलाओं का प्रदर्शन करने वाले कलाकार भी हैं, जिन्होंने बुधवार को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी कला का प्रदर्शन कर देश दुनिया से आए विजिटर्स की वाहवाही बटोरी।